तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 वीबीजीरामजी के लिए जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता से लें-चंदन





## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से भालू की मौत

**अनूपपुर।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक नर भालू की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा बिजुरी रेंज के बैगाडेबरा रेलवे लाइन के पास हुआ। बताया जा रहा है कि भालू जंगल से भटक्कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि भालू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र बिजुरी के रेंजर सहित वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद नियमानुसार भालू के शव को बिजुरी रेंज के थान गांव बीट में लाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी और निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान पटवारी, वन विभाग के एसडीओ, रेंजर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। पोस्टमार्टम के उपरांत वन विभाग द्वारा नियमानुसार मृत भालू का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

### व्हीलचेयर मिलने से महिला की बदली जिंदगी

**मनेन्द्रगढ़।** समाज कल्याण विभाग जिला एमसीबी द्वारा दिव्यांगजन के जीवन को सुगम और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिला कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत खोंगापानी क्षेत्र की दो दिव्यांग महिलाओं - श्रीमती रामकली एवं श्रीमती तेतरा बाई को आवागमन में सुविधा के लिए व्हीलचेयर प्रदान की गई।

### न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक




**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यो की प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से स्वीकृत कार्यो में से प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यो की एजेंसीवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में विभागवार पूर्ण, अपूर्ण कार्यो की जानकारी प्राप्त की। संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही सर्व संबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्णता के पश्चात उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मांडवी एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गिरने से महिला गंभीर अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बकराताल निवासी परमेश्वरी पति विश्वनाथ (70 वर्ष) रविवार को पटोरा निवासी अभय के पिता के निधन हो जाने पर दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। 17 मार्च को अभय के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में बाथरूम करने के लिए रुकी तभी अचानक पत्थर से टकरा कर वृद्धा गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

## चैत्र नवरात्र का आगाज: गूंजने लगे माता के जयकारे

# पहले दिन माता के दरबार पहुंचे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र गुरूवार से श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो गया। इस श्रद्धालुगण सुबह से ही देवी मंदिरों में मत्था टेककर पूजा-अर्चना कर मनोकामना की। वहीं इस दिन देवी मंदिरों में कलश स्थापना के साथ ही शक्ति के देवी की आराधना शुरू हो गई। नवरात्र के पहले दिन माता के शैलपुत्री रूप की श्रृंगार कर विधि - विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई और माता को भोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर जुटती रही। देवी मंदिरो में देवी गीत की गुंज सुनाई देने लगी। इस अवसर पर कोरिया-एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से दोपहर तक माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए जुटती रही।



एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडॉड़ स्थित मां महामाया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दूर-दूर के लोग माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। मंदिर परिसर में पूजा सामग्री की दुकाने भी सज गई। जैसे-जैसे नवरात्र का एक-एक दिन बीतता जाएगा, वैसे-वैसे माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती जाती है, इसके अलावा एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र के चांद देवी मंदिर में भी चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि जनकपुर क्षेत्र के चांगदेवी मंदिर में दर्शन के लिए अंचल के लोग ही नहीं, बल्कि पड़ोसी मप्र के शहडोल, सीधी सहित कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने एवं पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं, इसके चलते पूरे नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ जुटती है, वहीं कोरिया जिले के कई देवी मंदिरों में भी कलश स्थापना कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना शुरू की गई।

### गांव-गांव में बोया गया जवारा

चैत्र नवरात्र को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आस्था व भक्ति भाव देखने को मिला। चैत्र नवरात्र के पहले दिन कोरिया जिले के ग्रामीण अंचल में ग्रामीणों ने देवल्ला में पूजा-अर्चना कर जवारा बोया, इसके अलावा कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने घर में भी जवारा बाया गया। पूरे नौ दिनों तक ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी और अंतिम दिन धूप धाम के साथ जवारा का विसर्जन किया जाता है, विजर्सन के लिए निकलने वाली झांकी देखने लायक होती है।

### मां रमदईयॉ धाम पहुंच श्रद्धालु

शहर से लगे अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र झुमका बांध के तलहटी पर स्थित मां रमदईया धाम देवी के दर्शन के लिए नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए जुटते रहे। मंदिर परिसर में दोपहर तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के दौरान मॉ रमदईया धाम में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ रहती है।

## आसमान में छाए बादल कई जगहों पर बूंदाबांदी



**बैकुण्ठपुर।** मार्च माह के दूसरे पखवाडे में तीन दिनों से आसमान में बादलों के छाए रहने से फिजा बदल गई है। दिन के समय जहां तेज धूप का असर होना चाहिए वह बादलों के चलते धूप का असर कम हो गया है।

कोरिया जिले में मंगलवार से आसमान में बादल छा रहे हैं और गुरूवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थिति ऐसी ही रही, इससे दिन की तेज धूप से बड़ी राहत मिली हुई है। बुधवार की रात्रि में कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गरज चमक होती रही और इस दौरान कुछ जगहों पर बुंदाबांदी हुई तो कुछ जगह पर हल्की बारिश भी हुई। इसके दूसरे दिन गुरूवार को भी अपरान्ह के समय मध्यम हवाओं के बीच बुंदाबांदी कुछ देर तक जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित अन्य क्षेत्रों में हुई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। मंगलवार से फिजा के बदलने के कारण जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली हुई है। किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। रबी की प्रमुख फसल गेहूं पकने के कगार पर है और कई जगहों पर कटाई के लिए तैयार हो गया है, ऐसे में यदि तेज बारिश होती है या ओलावृष्टि होती है तो गेहूं की फसल को नुकसान पहुंच सकता है, इसके अलावा ओलावृष्टि से टमाटर सहित कई तरह के सब्जियों को भी नुकसान होने की संभावना को लेकर किसान चिंतित हैं।

## ईद, रामनवमी और चेट्रीचंड शांतिपूर्ण मनाने शांति समिति की हुई बैठक

**बैकुण्ठपुर।** आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी और चौट्रीचंड को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टरेट सभाकक्ष में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।




बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समुदायों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने और असामाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। ध्वनि प्रदूषण और परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी जुलूस के लिए निर्धारित समय और रूटमैप का सख्ती से पालन कराने की बात कही गई। वहीं नवरात्रि के दौरान सड़क किनारे खुले में मांस की बिक्री करने वाली दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, नगरीय निकायों के अधिकारी, तहसीलदार और थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

### अनुपस्थित प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना केअनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। ऐसे में डीईओ ने खितेश कुमार और अनिता पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक का यह कृत्य शासकीय सेवा के कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल और सहायक शिक्षक खितेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## सोनहत में भाजपा मंडल वर्ग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाजपा कोरिया द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल सोनहत में 17 मार्च को मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ निर्धारित समय पर किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक कपिल जायसवाल, जिला सहसंयोजक शारदा गुप्ता, सहसंयोजक पुष्पलता राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े सहित वर्ग प्रभारी श्रीमती शिवकुमारी सोनपाकर एवं आशा देवी सोनपाकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस में दो सत्र आयोजित




किए गए, जिनमें विषय प्रस्तुति शारदा गुप्ता एवं पुष्पलता राजवाड़े द्वारा की गई। द्वितीय दिवस में बसंत राय, तीरथ राजवाड़े, गोकरण शुक्ला एवं जगदीश साहू ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में सोनहत मंडल के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चो के अध्यक्ष , महामंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य तथा जिले के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही। कुल 125 कार्यकर्ताओं ने पंजीयन कर विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, सांस्कृतिक मूल्य, राष्ट्रवाद, संगठनात्मक अनुशासन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## पीएम आवास की पक्की छत से सुकून की जिंदगी बिता रहा प्राणसाय का परिवार

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को निरंतर उनके सपनों का आशियाना मिल रहा है।

कोरिया जिले में मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम पंचायत आमापारा में रहने वाले प्राण साय भी उन्ही हितग्राहियों की सूची में शामिल हैं, जिनके परिवार के सपनों का पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बनकर तैयार हो गया है। अब पूरा परिवार प्रधानमंत्री आवास की पक्की छत के नीचे सुकून से जीवन व्यतीत कर रहा है। ग्राम पंचायत आमापारा के निवासी प्राण साय पिता शिवप्रसाद एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनका परिवार कुल




6 सदस्यों का है, जो वर्षो से खेती-किसानी और मजदूरी के सहारे अपना जीवन-यापन कर रहा है। खेती से मिलने वाली सीमित आय मौसम पर निर्भर रहती और मनरेगा के होने वाले ग्राम पंचायत में उपलब्ध कार्यों से आय के साधन भी सीमित ही ⏭ शेष पेज 4 पर

### कोषालय में 25 तक जमा होंगे बिल

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार नवा रायपुर अटल नगर छग शासन के वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के समस्त देयकों के निराकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय, महानदी भवन से जारी आदेश के अनुसार सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर देयकों को कोषालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जारी निर्देशों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 से संबंधित सभी देयकों को कोषालय एवं उप कोषालय में जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। वहीं एसएनए-स्पर्श के माध्यम से होने वाले भुगतानों के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च तय की गई है।

## खुरहा-चपका से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला में गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं को खुरहा-चपका रोग से बचाने के लिए सघन टीकाकरण अभियान की शुरूआत 15 मार्च से मिशन मोड में कर दी गई है। यह अभियान 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, इसके तहत जिले के सभी गांवों में शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए पशुधन विकास विभाग बैकुंठपुर द्वारा टीकाकरण दलों का गठन किया गया है। इन दलों को आवश्यक टीकाद्रव्य एवं सामग्री उपलब्ध कराकर वाहनों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा विगत दिनों दलों को हरी झंडी दिखाकर अभियान को गति दी गई। टीकाकरण से पूर्व पशुओं को कृमिनाशक दवा दी जा रही है तथा टीकों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शीत-श्रृंखला का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके साथ ही मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों को भी अभियान में शामिल किया गया है। अभियान की



निगरानी के लिए सभी टीकाकरण कार्यों की जानकारी भारत पशुधन ऐप में दर्ज की जा रही है। इसमें आधार आधारित ओटीपी एवं जियो टैग फोटो के माध्यम से प्रविष्टि अनिवार्य की गई है। प्रशासन ने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराएं और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जिले में खुरहा-चपका रोग का पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

### राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेला 21 से

**अंबिकापुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल तथा निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस. टुटेजा के मार्गदर्शन में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में दो दिवसीय तिलहन किसान मेला का आयोजन दिनांक 21 मार्च से किया जाएगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल–ऑयलसीड्स अंतर्गत कृषि विभाग एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए मेले में तिलहन फसलों के उन्नत उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं नवीनतम कृषि नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।

## सीजन शुरूः कोरिया के कटहल की आपूर्ति दूसरे प्रांत के शहरों तक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कटहल का सीजन शुरू हो गया है। बाजारों में कटहल बिकने के लिए आने लगे हैं, लेकिन अभी महंगे बिक रहे हैं। बावजूद इसके कई लोग ऊंचे दामों की फिक्र न करते शुरूआती स्वाद लेने से नहीं चुक रहे हैं। अभी बाजार में छोटे साइज के कटहल के फल आ रहे हैं और सीमित ही आवक हो रही है। कटहल एक बडे फलों में शामिल है, लेकिन इसके फल का उपयोग लोग सब्जी के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वर्तमान में कटहल छोटी साइज की है और सीमित मात्रा में बाजार में पहुंचने के कारण वर्तमान की सब्जियों से महंगे दाम पर विक्रय की जा रही है, जिसका स्वाद हर कोई लेना चाहता है, लेकिन महंगा होने के कारण खास लोग ही खरीदी कर रहे हैं। आने वाले समय में भरपूर मात्रा में कटहल की आवक होने लगेगी, तब सस्ती हो जाएगी।

कोरिया जिले के गांव-गांव में कटहल के पेड़ हैं, जहां इन दिनों फल लद गए हैं। कटहल का फल किसानों के आर्थिक आय का बेहतरीन जरिया है, जो बिना देख-रेख के साल में एक बार भरपूर पैदावार देती है। पहले कभी कटहल गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन अब यह सुपरफुड बन गया है तथा वैश्विक बाजार में इसकी मांग बढ़ने लगी है। अपनी बेहतरी स्वाद के लिए कटहल ज्यादातर लोगों की पसंद बनी है। यही कारण है कि बडे-बडे रेस्टोरेंट में भी कटहल की सब्जी की मांग बनी रहती है। कटहल जब छोटे साइज का होता है तो इसकी बेहतरीन सब्जी का स्वाद आता है, वैसे कई लोग बडे साइज बीज होने के बाद भी चाव से कटहल की सब्जी खाते हैं। बहरहाल कटहल का बाजार ग्रामीण क्षेत्रों में भले ही ज्यादा बड़ा न हो, लेकिन बड़े शहरों में कटहल की मांग सीजन में सबसे अधिक रहती है।

### कोरिया के कटहल की सप्लाई दूसरे प्रांतों तक



कोरिया जिले का कटहल सिर्फ कोरिया जिले में ही नहीं बल्कि दूसरे प्रांतों में भी सप्लाई किया जाता है। जानकारी के अनुसार यहां का कटहल सिर्फ कोरिया के बाजार में ही नहीं बिकता, बल्कि कोरिया का कटहल बिहार के पटना व अन्य कई शहर के अलावा उत्तरप्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर व अन्य शहरों तक पहुंचता है, इसके अलावा झारखंड प्रांत में भी कोरिया का कटहल की सप्लाई की जाती है। विदित हो कि उक्त प्रदेशों में कटहल अधिक नहीं है, इसके कारण सरगुजा संभाग के कई जिलों में आकर व्यापारी कटहल थोक खरीदी करने पहुंचते हैं, जिसे यूपी, बिहार, झारखंड़ के शहरो में ले बेचते हैं।

### विवाह के सीजन में बढ़ जाती है मांग

कटहल का फल जिसे हम सब्जी के रूप में उपयोग करते हैं। विवाह के सीजन में प्रमुख सब्जी के रूप में उपयोग किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिनके यहां कटहल के पेड़ हैं, उनसे सस्ती दर पर कटहल गांव में ही मिल जाता है।

### ग्रामीणों के आर्थिक मजबूती का आधार

कोरिया जिले केगांव-गांव में लोगों के यहां कटहल का पेड़ हैं, जो ग्रामीणों के आर्थिक मजबूती का भी आधार है। बिना किसी देख-देख व मेहनत के कटहल फल से ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस सीजन में अच्छी खासी आमदनी भी बाहरी व्यापारियों द्वारा खरीदी करने से हो जाता है। इस तरह कटहल पेड़ ग्रामीण परिवारों के लिए शून्य निवेश पर लाभदायक साबित होता है

### पेड़ की स्थिति देख पूरे पेड़ का सौदा

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही दीगर प्रांतों के कटहल व्यापारी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर ग्रामीणों के कटहल पेड़ों की स्थिति को देखकर शुरूआत में ही फल का सौदा कर लेते हैं, इससे किसानों को कटहल कही बेचने जाने की जरूरत नहीं होती।

## नपा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब सफाई की शुरूआत की




**बिजुरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2026 के अंतर्गत बिजुरी नगर पालिका क्षेत्र में जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य जोर-शोर से प्रारंभ हो गया है।

इसी कड़ी में 19 मार्च को बिजुरी स्थित सुप्रसिद्ध भावनिया देवी मंदिर तालाब के तट पर एक विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जनभागीदारी से जल संचय का संकल्प लेते हुए तालाब परिसर की साफ-सफाई की। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों जैसे तालाबों, कुओं और बावड़ियों का संरक्षण करना है ताकि भविष्य के लिए जल सुरक्षित रहे।

## खबर संक्षेप



### इको टूरिज्म कार्यशाला के दूसरे दिन जैव विविधता संरक्षण और सतत पर्यटन पर विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

**प्रेमनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने प्रकृति संरक्षण, जिम्मेदार पर्यटन और स्थानीय संसाधनों के संतुलित उपयोग पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र में मंच का सफल संचालन सचिव हरिशंकर ने किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता मुकेश कुमार रजक ने अपने विस्तृत व्याख्यान में इको टूरिज्म के विभिन्न आयामों, उसके लाभों तथा सतत विकास में उसकी भूमिका पर गहन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इको टूरिज्म केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का भी प्रभावी साधन है।यदि पर्यटक और स्थानीय समुदाय मिलकर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं, तो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### अवैध रूप से संचालित भट्ठों से 80 हजार ईंटें व 3 टन कोयला जब्त



**बलरामपुर।** जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्थानों से अवैध ईंट के साथ ही कोयला जब्त किया जा रहा है। संचालक चोरी किया गया कोयला ईंट भट्ठों में खपा रहे है। बता दें कि जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में राजस्व की टीम के द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करते हुए ईंट एवं अवैध कोयला जब्त किया गया है। एसडीएम अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में तहसीलदार सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगरपालिका बलरामपुर के वार्ड क्रमांक 13 में संचालित अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई की गई। मौके पर लगभग 40,000 पकी हुई ईंटें, 15,000 कच्ची ईंटें तथा करीब 3 टन कोयला पाया गया, जिसे जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम डूमरखी में भी अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई करते हुए लगभग 25,000 ईंटों का अवैध निर्माण पाया गया जिसे जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। उक्त प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त



**बलरामपुर।** शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में अवैध अतिक्रमण कार्यों के मकानों पर बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन ने अवैध रूप से बनाए गए मकान को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया है। बता दें कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिषेक गुप्ता के माार्गदर्शन में तहसीलदार द्वारा ग्राम बड़कीमहरी में अवैध अतिक्रमण हटाया गया। ग्राम बड़की महरी में त्रिभुवननाथ सिंह द्वारा अतिक्रमित शासकीय भूमि पर मकान एवं बाड़ी का अवैध रूप से निर्माण किया गया था। किया गया था। जिस पर आज प्रशासनिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाया गया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान की जिले में हुई शुरुआत

**अम्बिकापुर।** जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 16 मार्च से हुआ। मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में अम्बिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थित रहीं। प्रथम एचपीवी वैक्सीन 14 वर्ष की अंकिता टोप्पो को लगाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी.एस.मार्को ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी, जिन्होने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो परंतु 15 वां जन्मदिन ना मनाया हो। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने लोगों से अपने 14 वर्ष की बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान डॉ. अविनाशी कुजुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर व इससे बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता के सबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती किरण साहू, अभय साहू, अनिल तिवारी, मनीष बारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ रमेश चन्द्र आर्या, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके सिन्हा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. केपी विश्वकर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाशी कुजुर, अंकित वर्मा, सुरेश एक्का उपस्थित रहे।

### लम्बे समय से मनचाहे पदों पर जमें कर्मचारियों को लौटना होगा मूल पदस्थापना स्थल

# संभाग के भीतर स्वास्थ्य विभाग में 432 चिकित्सक और कर्मचारी अटैचमेंट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपने मूल पदस्थापना को छोड़कर वर्षो से मलाईदार पदों पर जमें हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को वापस लौटना होगा। कर्मचारियों के संलग्नीकरण को शासन ने समाप्त कर दिया है और उन्हें वापस लौटने का निर्देश दिया गया है। इस बीच सरगुजा संभाग में 432 अधिकारी कर्मचारियों के अपने मूल पदस्थापना के विपरीत पसंदीदा स्थानों पर नौकरी करने की जानकारी सामने आई है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने सभी का अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें मूल पद पर वापस भेजने के निर्देश दिए है।

**खास बात**

■ स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर चल रही प्रकिया

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से चिकित्सक से लेकर पैरा मेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारी वर्षों से अपनी मूल पदस्थापना को छोड़कर मनचाहे स्थानों पर बैठकर नौकरी कर रहे है। अपने मनचाहे स्थान पर नौकरी करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर सोर्स भी लगाए और यही वजह है कि नियम विपरीत वे अपने अटैचमेंट में काम कर रहे है। इस तरह काम करने से सबसे ज्यादा समस्या अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में होती है जहां पर उनकी पदस्थापना की गई है। शासन द्वारा रिक्त पदों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के तहत उन चिकित्सक, कर्मचारियों की भर्ती व नियुक्ति की थी लेकिन वर्तमान में वे अपने मूल पदस्थापना स्थल से अलग है जिससे उन अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित होती है और मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहार जायसवाल द्वारा सदन में संलग्नीकरण को समाप्त करने की घोषणा की गई थी जिसके बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया था।




**सर्वाधिक एमसीबी में अटैचमेंट**

वर्षों से अपनी मूल पदस्थापना को छोड़कर दूसरे स्थानों पर जमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में सर्वाधिक एमसीबी जिले में है। एमबीसी जिले में 100, सरगुजा में 69, जशपुर जिले में 63, बलरामपुर जिले में 60, सूरजपुर जिले में 96 व कोरिया जिले में 44 चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारी संलग्नीकरण में है। अब शासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमर शुक्ला ने भी सभी सीएमएचओ को आदेश जारी कर सभी स्तर से किए गए अटैचमेंट को समाप्त करने और कर्मचारियों को मूल पदस्थापना स्थल पर भेजने के निर्देश दिए है।

**जिले में 45 प्रतिशत पद रिक्त**

संलग्नीकरण निरस्त करने का आदेश जारी होने से एक ओर जहां मूल पदस्थापना स्थल छोड़कर वापस जाने से उन स्थानों में व्यवस्था सुधरेगी तो वहीं दूसरे अस्पतालों में व्यवस्था चरमरा जाएगी। सबसे बड़ी बात यह है कि सिर्फ सरगुजा में ही लगभग 45 प्रतिशत पद स्वास्थ्य विभाग में रिक्त है और इन रिक्त पदों पर ही कर्मचारियों को रखकर काम कराया जा रहा था। ऐसे में उन अस्पतालों में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**जारी किया गया है आदेश**

संलग्नीकरण का आदेश निरस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी सीएमएचओ को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। शासन के निर्देशानुसार नियम का पालन काया जाएगा।

-डॉ. अनिल कुमार शुक्ला
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

## चेक डेम निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कराए जा रहे चेक डेम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए जांच समिति का गठन किया है। यह कार्रवाई 12 मार्च को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर चेकडेम निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल के संदर्भ में की गई है। जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर द्वारा जनपद पंचायत राजपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थी। इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।

■ खबर प्रकाशन के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में बनी टीम

खबर का असर

जांच समिति में एसडीएम देवेन्द्र प्रधान को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी जेके तिग्गा, जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी महेन्द्र सांडिल्य, जिला पंचायत के तकनीकी समन्वयक अभिषेक मिश्रा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सहायक अभियंता सूर्यकांत जासवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में समिति को निर्देशित किया गया है कि तथ्यों तथा संबंधित निर्माण कार्यों के अभिलेखों की गहन जांच कर स्पष्ट अभिमत सहित अपना प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिया गया है कि वे जांच समिति को आवश्यक सभी दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से पूरी हो सके।



**मानकों के विपरीत कराया जा रहा चेकडेम का निर्माण, ग्रामीणों में रोष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चेक डेम निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से दर्जनों पंचायतों में बनाए जा रहे चेक डेम स्तरहीन तरीके से निर्मित किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लडुआ, सिंगचौरा, चंद्रगढ़, पतरापारा, चिलमा, बाड़ी चलगली, कोडू, बदौली, करया, अलखडीहा, परती, पकराड़ी, डिगनगर, कुंदीखुर्द, पहाड़ खड़ुवा और खोखनिया सहित दर्जनों पंचायतों में चेक डेम निर्माण का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और योजना की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चेक डेम की मजबूती और उपयोगिता पर संदेह पैदा हो गया है। यदि समय रहते निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में इन संरचनाओं के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा के तहत चल रहे इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जहां भी अनियमितता पाई जाए वहां जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जा सके और ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

■ निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**कराया जाएगा सुधार**

चेक डेम निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। अगर निर्माण में कोई त्रुटि हुई होगी तो उसे सुधार कराया जाएगा।

-जानू राम सोनवानी
एसडीओ आरईएस

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर राजमिस्त्री की मौत

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हुए राजमिस्त्री की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायाराई निवासी राजमिस्त्री नंदू राम आ. नटरू राम (37 वर्ष) पत्नी व साला के साथ जगदीशपुर में रहकर जगदीशपुर में बन रहे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में काम कर रहा था। मंगलवार को काम पर न जाकर पत्नी के साथ शराब पी रहा था। इसी बीच राजमिस्त्री ने अत्यधिक शराब पी लिया जिसके बाद पत्नी को सांस लेने में दिक्कत होने की बात बताई। पत्नी ने भाई को घटना की जानकारी दी। परिजन शाम को राजमिस्त्री को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत राजमिस्त्री को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## झूलेलाल जयंती पर चेटीचंड महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सिंधी समाज का प्रमुख त्योहार चेटीचंड महोत्सव 15 मार्च से शुरू हो गया है। महोत्सव की शुरुआत गांधी स्टेडियम में आयोजित एक दौड झूलेलाल के नाम से की गई। इसके साथ ही 17 मार्च को सिंधी प्रीमियर लीग-2 फ्लड नाइट क्रिकेट मैच से हुआ इस लीग में 6 टीमों ने हिस्सा लिया है।

■ सिंधी समाज का 6 दिवसीय उत्सव 20 मार्च तक

समाज के मीडिया प्रभारी निशित बचानी ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत 15 मार्च को गांधी स्टेडियम सुबह 6 बजे एक दौड श्री झूलेलाल के नाम आयोजित गई। इसके बाद 18 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे साथ ही सिंधु ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 18 मार्च को सिन्ध जो मेलो का आयोजन होगा, 18 मार्च को सुबह 6:30 बजे शंकरघाट की सफाई अभियान तथा 19 मार्च शाम 6 बजे घड़ी चौक्क पर दीप प्रज्वजलन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा 30 मार्च को सुबह आरती के बाद 11 बजे स्कूटर रैली निकाली जाएगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 2030 मार्च को शाम 5 बजे निकलने वाली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा होगी। यात्रा सिंधु भवन से प्रारंभ होगी। भगवान झूलेलाल रथ पर विराजमान होंगे। यात्रा में विभिन्न झांकियां भी शामिल रहेंगी। बहार से आये कलाकारों द्वारा भव्य रोड शो का भी आयोजन किया गया है। यात्रा झूलेलाल मार्ग स्थित सिन्धु भवन से शुरू होकर महाराजा गली, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुद्वारा, गुरुननाक चौक, पुलिस लाईन, गौरी मन्दिर होते हुए शंकर घाट पहुंचेगी जहां पवित्र ज्योति विसर्जन के साथ इस यात्रा का समापन होगा। समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी, सिन्धी महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति पोपटानी एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष नितिन रेलवानी ने सभी समाज के लोगो को अपने प्रतिष्ठान को पूर्ण रूप से बंद करके कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोइया विकास महासंघ का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

■ मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष चिंतामणि दास के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के समीप अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का समापन बुधवार की शाम हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम तहसीलदार अंकिता पटेल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि समस्त रसोईया कर्मचारी मध्यान भोजन योजना अंतर्गत कार्यरत है। अत्यंत कम मानदेय और कठिन परिस्थितियों में अपना कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है जिसे जीवन यापन करना कठिन हो गया है। ज्ञापन में प्रमुख मांगे रसोइयों का मानदेय कम से कम 10 हजार प्रतिमाह, नियमित एवं समय पर भुगतान सुनिश्चित किए जाने, रसोइयों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सुविधा, कार्य के दौरान सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराए जाने मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में जिले के रसोईया संघ के लोग मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।



## तीन दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण का समापन

**अंबिकापुर।** ताइक्वांडो क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एडवांस ताइक्वांडो ट्रेनिंग प्रोग्राम राजमोहिनी देवी सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विदिशा के ताइक्वांडो प्रशिक्षक नैशनल रेफरी ध्रुव लोधी तथा कोरबा की ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुश्री स्नेहा साहू ने बच्चों को ताइक्वांडो के गुर सिखाए। प्रशिक्षण में स्थानीय बच्चों के साथ एकलव्य आवासीय विद्यालय, कन्या परिसर, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने भागीदारी की। अतिथियों द्वारा भागीदारी करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा का बेहतरीन खेल है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है, इसलिए खेल जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन ताइक्वांडो क्लब के संरक्षक संतोष दास तथा आभार प्रदर्शन महासचिव अनिल द्विवेदी ने किया। इस दौरान प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी, श्रवण पांडे, फरीद बेक, लीला आगरे, प्रिया सिंह, जयेश वर्मा, देवेश वर्मा, अश्वनी, दीपक वसूले, राकेश मिश्रा, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

■ 169 बच्चों ने की भागीदारी

## 22 को होगी बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारत सरकार एवं राज्य शासन के साझा साक्षरता अभियान अंतर्गत जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिले के समस्त ग्राम, पारा, टोला एवं मोहल्लों में सर्वे के माध्यम से चिन्हांकित असाक्षर महिला-पुरुषों के लिए 22 मार्च को राज्यव्यापी महापरीक्षा अभियान के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

■ जिले के उल्लास केन्द्रों में तैयारी जोरों पर

चिन्हांकित शिक्षार्थियों को उनके ही पारा-मोहल्ले में संचालित उल्लास केन्द्रों में नियमित पठन-पाठन कराया जा रहा है। इन केन्द्रों में स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा स्थानीय सरगुजिहा बोली में पढ़ना-लिखना, अक्षर ज्ञान एवं बैंकिंग लेन-देन संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जा रही है। शिक्षार्थियों को भारत सरकार के उल्लास पोर्टल तथा राज्य शासन के वीएसके वेब पेज पर पंजीकृत कर उल्लास प्रवेशिका एवं उल्लास अभ्यास-पुस्तिका भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 22 मार्च की परीक्षा में ऐसे पूर्व-पंजीकृत शिक्षार्थियों को भी शामिल किया जा रहा है, जो किसी कारणवश पूर्व में परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद लंबे अंतराल से पढ़ना-लिखना भूल चुके थे। जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले ने शिक्षार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही। उन्होंने जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि जन-जन को साक्षर किए जाने का यह अभियान केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में युवती व वृद्ध की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में युवती व वृद्ध की निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवती ने टेंशन में आकर जबकि वृद्ध ने पत्नी की मौत हो जाने तथा अकेलापन से परेशान होकर कीटनाशक पी लिया था। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर कुनीकला निवासी कुंती प्रधान आ. गुलाब प्रधान (26 वर्ष) भिलाई में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। 9 मार्च की दोपहर अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवती को बरियो अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच अस्पताल में भाई ऋषि ने कीटनाशक पीने के संबंध में पूछा तो बहन ने बताई की वह टेंशन में जहर पी ली लेकिन क्या टेंशन है यह नही बताई। इधर परिजन युवती को बेहतर उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां 17 मार्च को युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम डिगमा निवासी बनीकांत जददार आ. स्व. फकीर चंद जददार (67 वर्ष) 17 मार्च की सुबह झोला लेकर बाइक से निकला था। दोपहर को घर आया तो उल्टी करने लगा। बहू ने ससूर को उल्टी करते देख पति को घटना की सूचना दी।

परिजन वृद्ध को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुत्र गोविंद जददार ने पिता से जहर पीने के संबंध में पूछा तो पिता ने बताया कि उसकी मां के मौत हो जाने से परेशान था और जीना नहीं चाहता । इसी कारण से कीटनाशक पी लिया। इसी बीच वृद्ध की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पुत्र ने बताया कि अकेलापन के कारण पिता ने साल 2024 में भी कीटनाशक पी लिया था। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पानी टंकी के पिलर से टकराया पिकअप, युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत सिलफिली निवासी प्रणव मंडल आ. समरेश मंडल (30 वर्ष) मंगलवार को गांव के ही संजय मंडल के साथ पिकअप से चंदोरी डांड की ओर गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर चंदोरी डांड़ स्कूल के समीप पानी टंकी के पिलर से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप सवार प्रणव मौके पर ही अचेत हो गया जबकि संजय घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रणव मंडल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कोटबहरा गांव में हाथियों के दल ने किसानों की फसलों को पहुंचाई क्षति



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोटबहरा गांव में पिछले दो दिनों से डेरा जमाए पांच सदस्यीय हाथियों द्वारा गर्मी सीजन की धान फसल और गन्ना फसल को भारी क्षति पहुंचाई है,गौरतलब है कि सोमवार की शाम बलरामपुर जिला के सरहद से पांच सदस्यीय हाथियों का दल ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पहुंच गया है। हाथियों के दल ने मंगलवार की रात गांव में खेतों का रुख किया और जमकर उत्पात मचाया।

■ घरों के निकट से गुजरने पर डर से सहमे ग्रामीण, सतर्कता से बड़ा हादसा टला

गाँव के साधु राम, लवकी और गिरधारी प्रधान ग्रामीणों की गर्मी सीजन की धान फसल को बुरी तरह रौंद दिया। वहीं पप्पू राम सिंह के गन्ने के खेत को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के मुताबिक एक हाथी गांव के एक मकान के बेहद करीब पहुंच गया था जिससे घर में रह रहे लोग सहम गए, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को गांव से दूर खदेड़ा और एक बड़ा हादसा टल गया। हाथियों के रिहायशी इलाके में पहुंचने से पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के डर से वे पूरी रात जागते रहे और अपने घरों की रखवाली करते रहे। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही पहले भी देखी गई है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने एवं गांव के लोगों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल

**मुंबई।** कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है। सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।

लाइफ Style



# नोरा
## हिंदी गाने का आइडिया नहीं था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मडिया से हटा लिया है।

नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है। मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफार्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' वीडियो में नोरा फतेही को कहते हुए सुना जा सकता है कि 'मैं सभी से यह गुजारिश करूंगी कि वे इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप बेवजह इसे एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। इसके अलावा, मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# चीजों को अपने तक रखना सीखना होगा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और एक्ट्रेस जेंडाया की नई अंगूठी को देखकर कई लोगों को लगने लगा है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड से शादी कर ली है। हालांकि, जेंडाया ने इस पर कुछ नहीं कहा है। इस बीच उन्होंने बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को क्यों इतना छिपा कर रखती हैं? अभिनेत्री ने कहा 'मुझे लगता है कि खुद को छिपाने और अपनी जिंदगी जीने, उसका मजा लेने और अपने लिए खास चीजों को बचाने के बीच एक संतुलन होता है। मुझे लगता है कि हर किसी को किसी न किसी तरह से ऐसा करना ही पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा 'आपका काम चाहे जो भी हो, आप जिस भी फील्ड में हों।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का फर्स्ट लुक आया सामने...

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी की झलक दिखाई गई है। फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज किया जाएगा। सोनी पिक्चर्स द्वारा समर्थित 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मोशन पोस्टर में स्पाइडर-मैन को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके सीन हॉलैंड की पिछली फिल्मों की तुलना में अधिक इंटेंस और डार्क दिखते हैं। मोशन पोस्टर में पुनर्जन्म के जिक्र के साथ शुरुआत होती है, जो पिछली फिल्म की घटनाओं के बाद स्पाइडर-मैन के सफर में संभावित बदलाव का संकेत देता है। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है।



# मैं सबसे यही बोलती हूं मुझे काम चाहिए

**मुंबई।** कभी बॉलीवुड में बड़ी संख्या में फैन्स की फेवरेट रहीं शिल्पा शिरोडकर अब फिल्में पाने को तरस रही हैं। 'बिग बॉस 18' से लोगों की धुंधली यादों का फिर से हरा-भरा कर चुकीं शिल्पा शिरोडकर की हालिया फिल्म सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ फिल्म 'जटाधरा' थी। कॅरियर के चरम पर फिल्मों को अलविदा कहने वालीं शिल्पा अब अपने लिए और काम मांग रही हैं। एक बातचीत में कहा है कि वो भविष्य में अपने लिए और काम चाहती हैं। शिल्पा ने अपनी इस बातचीत में कहा, 'मेरी फिल्म जटाधरा नवंबर में रिलीज हुई थी, जो ज्यादा सफल नहीं रही। लेकिन, एक और प्रोजेक्ट है, मैं एक वेब सीरीज कर रही हूं। इसके अलावा मैं एक और फिल्म भी कर रही हूं, और मैं उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रही हूं।



# चचेरे भाई ईशान के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** ऋतिक रोशन ने अपनी एक नई कॉमेडी फिल्म की घोषणा की है। फिल्म का नाम 'मेस' है। इस फिल्म में ऋतिक अपने कजिन भाई ईशान रोशन के साथ काम करेंगे। ऋतिक रोशन ने फिल्म 'मेस' की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनके चचेरे भाई ईशान रोशन भी नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मेस' ऋतिक के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनेगी। इस फिल्म को ऋतिक के कजिन भाई ईशान रोशन प्रोड्यूसर करेंगे। फिल्म 'मेस' की कहानी मूल रूप से अमेरिकी लेखक ने लिखी है, जिसे भारतीय रूप में राजेश ए. कृष्णन ने निर्देशित करेंगे। कपिल सावंत ने इसके संवाद तैयार किए हैं। फिल्म की कहानी कुछ चोरों की है, जो एक ऐसे व्यक्ति के घर में चोरी करने जाते हैं, जो ओसीडी से ग्रसित होता है।

## टीवी मसाला



# घर में अकेली थीं तेजस्वी, तभी घुसा फैन, करण ने किया हैंडल


**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं और अब तो वह ओटीटी के प्रोजेक्ट्स भी कर रही हैं। हाल ही वह 'साइको सैयां' में नजर आई थीं। तेजस्वी प्रकाश की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं और जहां भी वह जाती हैं, फैंस की भारी भीड़ उन्हें घेर लेती है। लेकिन एक बार एक्ट्रेस एक ऐसे सनकी फैन से टकराईं कि वह बुरी तरह डर गई थीं। यह शख्स रोजाना तेजस्वी प्रकाश के घर पहुंच जाता था और उनके आंगन में लेटर डाल देता था। तेजस्वी प्रकाश ने एक इंटरव्यू में पीछा करने वाले इस शख्स के बारे में बताया। साथ ही बताया कि कैसे करण कुंद्रा और परिवार ने उन्हें उस सनकी आदमी से पीछा छुड़ाने में मदद की। इसके लिए एक्ट्रेस को पुलिस की भी मदद लेनी पड़ी थी। तेजस्वी प्रकाश ने इंटरव्यू में बताया, 'एक स्टॉकर था, जो मेरा पीछा करता था। वो रोज मेरे घर आता था। मैं एक रो हाउस में रहती हूं, तो इसलिए घर में एक आंगन है। वो फैन वहां चिट्ठियां छोड़ जाता था। हर बार जब मैं घर से बाहर निकलती, तो मुझे वो चिट्ठियां दिखतीं और मैं सोचती कि यह किसने किया होगा। हमने बड़ी समझदारी से कैमरे लगवा लिए, लेकिन हम उसे पकड़ नहीं पाए।' लेकिन तब तेजस्वी के होश उड़ गए, जब एक दिन वह घर में अकेली थीं और वो आदमी अंदर घुस गया।

## नगमा और अवेज के ब्रेकअप की अफवाह



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट और कंटेट क्रिएटर अवेज दरबार ने 16 मार्च को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर एक ग्रैंड पार्टी दी, जिसमें रियलिटी शो से लेकर टीवी और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग आए। नीलम गिरी से लेकर फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, आकांक्षा चमोला, अशनूर कौर, अभिषेक बजाज समेत अन्य नजर आए। नहीं दिखे तो अमल मलिक, जिनसे वह रिश्ता तोड़ चुके हैं और नगमा मिराजकर, जिनसे उनकी शादी होने वाली है। गर्लफ्रेंड के पार्टी में न पहुंचने पर लोगों ने इनके ब्रेकअप की अटकलें लगानी शुरू कर दी। क्योंकि, उन्होंने उनके बर्थडे पर एक पोस्ट तक नहीं किया था। अब अवेज के क्रिप्टिक पोस्ट ने और तहलका मचा दिया है। नगमा मिराजकर को अवेज दरबार ने 'बिग बॉस 19' में ही प्रपोज किया था। इसके बाद जब दोनों बाहर आए तो बताया कि ईद के बाद इनका निकाह होगा। यहां तक कि गौहर खान की सास ने भी मीडिया से इस बात की पुष्टि की कि रमजान के बाद वह बेटे की शादी करेंगी।

## धुरंधर-2 ने एडवांस बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड
# बाहुबली-2 को छोड़ा पीछे...



**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है और एडवांस टिकट बुकिंग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। एडवांस टिकट बुकिंग के मामले में इसने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीव्यू शो से यह 30 करोड़ रुपए तक की कमाई कर सकती है। एडवांस बुकिंग के मामले में बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके नौ लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अब तक इसके 990500 टिकट बिक चुके हैं। यह करीब 12422 शो के लिए हैं। देशभर में फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 42.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटा लिया है। कहा जा रहा है कि ओपनिंग डे पर यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। वहीं, वर्ल्डवाइड यह आंकड़ा 200 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने एडवांस बुकिंग के मामले में 'बाहुबली 2' के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है। 'बाहुबली 2' के हिंदी पट्टी में पहले दिन 6.50 लाख रुपए के टिकट बिके थे। यह एडवांस बुकिंग के मामले में पहले पायदान पर थी, मगर 'धुरंधर 2' ने इसकी कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। एडवांस बुकिंग के मामले में इन फिल्मों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है

# 'धूप में निकला न करो रूप की रानी' के लिए किशोर कुमार नहीं थे पहली पसंद

*नई दिल्ली। गायक किशोर कुमार और अमिताभ बच्चन की जोड़ी सिनेमा जगत में काफी चर्चित रही। जिस तरह से राजेश खन्ना को सुपरस्टार बनाने में किशोर दा की आवाज ने अहम योगदान अदा किया किया, ठीक उसी तरह से वह बिग बी के लिए भी लकी साबित हुए थे। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अमिताभ के एक 41 साल पुराने गाने के लिए बतौर सिंगर किशोर कुमार संगीतकार की पहली पसंद नहीं थे।*

### शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे

साल 1985 में अमिताभ बच्चन, माधवी, रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म गिरफ्तार को रिलीज किया गया था। मूवी के डायरेक्टर प्रयाग राज थे और संगीतकार की कमान बप्पी लहरी के हाथों में थी। फेसबुक पेज एक दर्द की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के गाने धूप में निकला न करो रूप की रानी... के लिए किशोर कुमार बतौर गायक बप्पी की पहली पसंद नहीं थे। जब ये जानकारी मूवी के मेकर्स को मिली थी, उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर से कहा था कि क्या तुमको मालूम नहीं कि ये गाना अमिताभ पर फिल्माया जाना है और किशोर की आवाज उनपर जचती है। लेकिन, बप्पी लहरी अपनी जिद पर उड़े थे और वह यह गीत सिंगर शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे।



### कादर खान ने बप्पी को समझाया

इस मामले में बाद में कादर खान की एंट्री हुई और उन्होंने बप्पी को समझाया और कहा कि घर जाकर इस पर ठंडे दिमाग से विचार करो। फिर जाकर बप्पी को अपनी गलती को एहसास और फिर किशोर कुमार ने गिरफ्तार के धूप में निकला न करो रूप की रानी गाने को गाया। आलम ये है कि आज भी इसे हिंदी सिनेमा का कल्ट सॉन्ग माना जाता है।

### बप्पी और किशोर दा की गहरी दोस्ती


कहा जाता है कि संगीतकार आरडी बर्मन की तरह बप्पी लहरी के साथ भी सुरों के सरताज किशोर कुमार की काफी गहरी दोस्ती हुआ करती थी। लेकिन गिरफ्तार के इस गाने की वजह से उनकी दोस्ती में दरार आना शुरू हो गई और किशोर दा को मन ही मन ये मालूम था कि अमिताभ बच्चन का ये सॉन्ग लहरी उनसे नहीं गवाना चाहते थे।

## रोचक है देश की पहली बोलती फिल्म आलम आरा का किस्सा
# सिर्फ रात में होती थी शूटिंग, यहूदी नाटक पर थी बेस्ड

*नई दिल्ली। भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम आलम आरा था। साल 1931 में इसे सिनेमाघरों रिलीज किया गया था। इसे एक ऐतिहासिक मूवी के तौर पर जाना जाता है, इसके जरिए ही इंडस्ट्री में टॉकी मूवीज की शुरुआत हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलम आरा को बनाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। सिर्फ रात में फिल्म की शूटिंग और साउंड के लिए विशेष तकनीकि का इस्तेमाल करना जैसे कई तरीकों से आलम आरा को बनाया गया था।*

### रात में क्यों होती थी फिल्म की शूटिंग

आलम आरा का निर्देशन पारसी फिल्मकार अर्देशिर ईरानी ने किया था। इस मूवी की शूटिंग लोकेशन का किस्सा सबसे ज्यादा चर्चित और रोचक है। बताया जाता है कि आलम आरा की शूटिंग मुंबई के जीटी रोड इलाके में रेलवे ट्रैक के पास बने स्टूडियो में हुई थी। चूंकि, रेलवे ट्रैक के पास स्टूडियो था तो जाहिर की दिन में रेलगाड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी। इस वजह से दिन में ट्रेनों का शोर रिकॉर्डिंग में आ जाता था, इसलिए शूटिंग रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी। सिर्फ इतना ही नहीं ,दिन के उजाले में शूटिंग प्रोप्स को लेकर भी समस्या होती थी। जैसे माइक्रोफोन बहुत बड़े होते थे, इसलिए उन्हें कलाकारों के कपड़ों या सेट के सामान के अंदर छिपाया जाता था। संगीत देने वाले आर्टिस्ट को कई बार पेड़ों के पीछे छिपकर हारमोनियम और तबला बजाना पड़ता था, ताकि उनकी आवाज रिकॉर्ड हो सके, लेकिन वे कैमरे में नजर न आएं।



### हिंदी और उर्दू का मिश्रण कर पेश किया फिल्म

आलम आरा की कहानी के बारे में किया जाए तो ये मुंबई में रहने वाले बगदादी यहूदी नाटककार जोसेफ डेविड के लोकप्रिय नाटक आलम आरा से प्रेरित थी, जिसमें में महल की दो रानियों के बीच संघर्ष, महल की साजिशें और प्रेम कथा दिखाई गई थी। कहा जाता है कि ईरानी ने ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक मूवी को पहुंचाने के लिए हिंदी और उर्दू भाषा का मिश्रण कर आलम आरा को पेश किया था।

### फिल्म बनाने के लिए फंड नहीं था

गौर किया जाए अर्देशिर ईरानी की तरफ तो उनके पास आलम आरा को बनाने के लिए फंड नहीं था। बताया जाता है कि एक बार उनकी 14 हजार रुपए की लॉटरी लग गई थी और इसके बाद उन्होंने इसी धनराशि की मदद से भारत की पहली बोलती फिल्म का निर्माण किया था। इसके अलावा उन्होंने साउंड रिकॉर्डिंग की तकनीक विदेशी विशेषज्ञ मिस्टर डेमिंग से सीखी थी।

### इस सिनेमाघर में हुई थी रिलीज

95 साल पहले आलम आरा फिल्म को मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में रिलीज किया गया था। बताया जाता है कि थिएटर के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। इस तरह से देश की ऐतिहासिक फिल्म ने कामयाबी का परचम लहराया था।

